सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-चार | विषय: हिंदी व्याकरण | अनुच्छेद

समय का महत्व

हमारे जीवन में समय का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है ।जो व्यक्ति समय का सदुपयोग नहीं करता, वह जीवन में कभी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। प्रत्येक मनुष्य को अपने उद्देश्य की प्राप्ति हेतु यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह समय का सदैव करें । समय का उचित नियोजन ही सफलता का पहला सिद्धांत है ।विद्यार्थी जीवन में तो समय नियोजन और इसका पालन करना अत्यंत आवश्यक है ।विद्यार्थी जीवन मनुष्य के भावी जीवन का आधार होता है ।समय सारिणी बनाकर विभिन्न कार्यों को करने के लिए समय निश्चित करें । प्रत्येक कार्य को निश्चित समय अवधि पर या पहले समाप्त करने का प्रयास करें ताकि आप बचे हुए समय में अपने अन्य कार्य को पूरा कर सके। जीवन में वही लोग उन्नति कर पाते हैं ,जो समय के महत्व को समझते हैं ।महान विद्वानों ने भी समय के महत्व को स्वीकार किया है।